## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 27.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश है। उन्होंने कहा कि भारत ने मार्स ऑर्बिटर मिशन शुरू किया है और आदित्य एल–वन मिशन के जरिए हम सूर्य के काफी करीब पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व के बहुत से देश अपने उपग्रहों और अंतरिक्ष मिशनों के लिए इसरो की सहायता लेते हैं।

*********************

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि अब बाढ़, चक्रवात, भू–स्खलन, सुनामी, जंगल की आग और हिम–स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप की मदद से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विकसित किया जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं में भी सूचना उपलब्ध है।

*********************

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने गृह मंत्रालय के आदेश के बाद पहलगाम आतंकी हमले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनआईए की टीमें बुधवार से ही हमले की जगह पर डेरा डाले हुए हैं और उन्होंने सबूतों की तलाश तेज कर दी है।

*********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद राज्य सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर आतंकवाद के सफाए के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से राज्य में आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की।

*********************

चतरा जिले के टंडवा में पुलिस ने टीएसपीसी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। ठेकेदार से लेवी लेने पहुंचे एक नक्सली को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । इसकी निशानदेही पर दूसरे सदस्य को गिरफ्तार किया गया।

*********************

रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कांटाटोली चौक के पास एक दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। इस घटना में दुकान के पीछे एक घर में आधा दर्जन से ज्यादा लोग फंस गए.जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया लेकिन एक बुजुर्ग की दम घुटने की वजह से मौत हो गई.। दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

*********************

लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला गांव से पुलिस ने वृद्ध दंपती का शव संदिग्ध अवस्था में घर से बरामद किया है। हालांकि दोनों की मौत कैसे हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस की टीम पूरे मामले की छानबीन कर रही है ।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में बादल छाने और तेज हवाएं चलने से अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गइ है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, बोकारो समेत कई जिलों के लिए बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 44 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*********************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुंबई में दोपहर साढे तीन बजे बजे खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच दिल्ली में शाम साढे सात बजे होगा।

*******************